## समाचार संक्षेप

### मुख्यमंत्री ने किया फाफाडीह वाल्टियर रेल लाइन फोरलेन रेल्वे अंडर ब्रिज का लोकार्पण

रायपुर, 25 मार्च । मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने किया फ ाफ ाडीह वाल्टियर रेल लाइन फोरलेन रेल्वे अंडर ब्रिज का लोकार्पण, रायपुर-बिलासपुर राजमार्ग पर प्रदेश का पहला फुल हाईट फ ोरलेन रेलवे अंडरब्रिज, 28.11 करोड़ रूपए की लागत से बना है फुल हाईट वाल्टियर रेल लाइन अंडर ब्रिज, शहरी क्षेत्र की लगभग 5 लाख की आबादी होगी लाभान्वित, अंडरब्रिज शुरू होने से यातायात हुआ सुगम, आवागमन में मिली सुविधा।

### मुख्यमंत्री पंडित रविशंकर विश्वविद्यालय परिसर में स्थित माँ बंजारी शक्ति पीठ पहुंचे

रायपुर, 25 मार्च । मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पंडित रविशंकर विश्वविद्यालय परिसर में स्थित माँ बंजारी शक्ति पीठ पहुंचे और नवरात्रि के पावन अवसर पर आदिशक्ति मां बंजारी की मंत्रोच्चार के बीच विधि - विधान से पूजा अर्चना कर प्रदेश की सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की मुख्यमंत्री श्री बघेल ने मंदिर परिसर में माँ बंजारी देवी मंदिर ट्रस्ट पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय द्वारा निर्मित मंदिर का शिलान्यास किया इस अवसर पर संसदीय सचिव विकास उपाध्याय भी उपस्थित थे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर के लोकार्पण एवं शिलान्यास समारोह स्थल पहुंचे। विद्या की देवी मां सरस्वती के मूर्ति पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्जलित कर सरस्वती वंदना, राजगीत और विश्विद्यालय गीत के साथ कार्यक्रम की शुरुआत किए।

### खड़ी कार में लगी भीषण आग, मारुती की स्विफ्ट जलकर खाक

धमतरी, 25 मार्च । छत्तीसगढ़ के धमतरी में खड़ी कार में भीषण आग लग गई. आग लगने से इलाके में अफरा-तफरी का माहौल रहा. आस-पास के लोगों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी, जिसके बाद फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। छत्तीसगढ़ के धमतरी में खड़ी कार में भीषण आग लग गई. आग लगने से इलाके में अफरा-तफरी का माहौल रहा. आस-पास के लोगों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी।

# दूरस्थ क्षेत्रों में भी लोगों को मिल रही गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं - मुख्यमंत्री

- **केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने राज्य के चार और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों को जारी किया एनक्यूएएस प्रमाण-पत्र**
- **मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और स्वास्थ्य मंत्री टी.एस. सिंहदेव ने इन अस्पतालों के डॉक्टरों और मेडिकल स्टॉफको दी बधाई**

रायपुर, 25 मार्च । छत्तीसगढ़ में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं दूरस्थ क्षेत्रों तक भी पहुंच रही हैं। केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवा और मरीजों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराने वाले राज्य के चार और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (ह्ळक्र ङ्क हड्डह्लद्बश्ठ्ठड्डद्य ऱह्लड्डठ्ठस्रड्डह्लद्बश्4 ,ह्यह्लह्लद्बड्डठ्ठद्ग ऱह्लड्डठ्ठस्रड्डह्लद्बश्) प्रमाण-पत्र प्रदान किया है। इनमें सुकमा और बीजापुर के भी दो प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शामिल हैं। केन्द्र सरकार ने राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानकों पर खरे उतरने वाले सुकमा जिले के गादीरास प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, बीजापुर के कुटरू प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सरगुजा के रघुनाथपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और राजनांदगांव के शंकरपुर शहरी



प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को एनक्यूएएस प्रमाण-पत्र से नवाजा है।

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल और स्वास्थ्य मंत्री श्री टी.एस. सिंहदेव ने समर्पित स्वास्थ्य सेवाओं के लिए उत्कृष्टता प्रमाण-पत्र हासिल करने वाले इन सभी अस्पतालों के डॉक्टरों और अन्य मेडिकल स्टॉफ को बधाई दी है। उन्होंने भरोसा जताया है कि ये अस्पताल आगे भी अपनी उत्कृष्टता बरकरार रखते हुए मरीजों की सेवा करेंगे और प्रदेश के दूसरे अस्पतालों के लिए नए प्रतिमान स्थापित करेंगे। कुटरू और गादीरास जैसे दूरस्थ अंचलों में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण-पत्र मिलना इस बात का संकेत है कि राज्य में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं सभी क्षेत्रों तक पहुंच रही हैं।

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की टीम ने इस साल जनवरी में इन चारों प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में मरीजों के लिए उपलब्ध सेवाओं की गुणवत्ता का परीक्षण किया था। टीम ने इस संबंध में मरीजों से भी फीडबैक लिया था। टीम के मूल्यांकन में शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शंकरपुर, राजनांदगांव को 82 प्रतिशत, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रघुनाथपुर को 84 प्रतिशत, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कुटरू को 83 प्रतिशत और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गादीरास को 83 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की टीम ने राजनांदगांव के शंकरपुर शहरी पीएचसी में ड्रेसिंग रूम व इमरजेंसी, टीकाकरण, संचारी रोग, आउटरीच, फॉर्मेसी, लैब, सामान्य प्रशासन, गैर-संचारी रोग, परिवार नियोजन, नवजात एवं शिशु स्वास्थ्य, मातृत्व स्वास्थ्य और जनरल क्लिनिक जैसी सेवाओं का मूल्यांकन किया था। वहीं कुटरू, गादीरास और रघुनाथपुर की पीएचसी में ओपीडी, लैब, लेबर रूम, आईपीडी, राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम और सामान्य प्रशासन का मूल्यांकन किया था।

उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण-पत्र प्रदान करने के पूर्व विशेषज्ञों की टीम द्वारा अस्पताल की सेवाओं और संतुष्टि स्तर का विभिन्न मानकों पर परीक्षण किया जाता है। इनमें उपलब्ध सेवाएं, मरीजों के अधिकार, इनपुट, सपोर्ट सर्विसेस, क्लिनिकल सर्विसेस, इन्फेक्शन कंट्रोल, गुणवत्ता प्रबंधन और आउटकम जैसे पैरामीटर शामिल हैं। इन कड़े मानकों पर खरा उतरने वाले अस्पतालों को ही केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा गुणवत्ता प्रमाण-पत्र जारी किए जाते हैं।

# काजू बगीचे में फांसी लगाकर आत्महत्या

डाबुगां 25 मार्च (सन्यूस) ब्लाक के गलियागुड़ा गांव के पास के काजू बगीचे में गत दिवस एक व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार उमरकोट पुलिस थाना अंतर्गत मुर्तुमा गांव निवासी खगपति हरिजन 55 वर्ष नामक व्यक्ति ने गत 20 मार्च की संध्या को उसके परिवार के किसी को कुछ बताये बगैर कही चला गया। उसके परिजनो ने 20 मार्च की रात्रि को खगपति की काफी खोजबीन की मगर उसके बारे में कुछ पता नही चल सका। उसके दूसरे दिन अर्थात 21 मार्च की सुबह उन्हें पता चला कि डाबुगां पुलिस

थाना अंतर्गत गुलियागुड़ा गांव पास के काजू बगीचे मे गमछा को फंदा बनाकर आत्म हत्या कर ली है। सूचना मिलते ही उसके परिजनों ने मौके पर पहुंच खगपति हरिजन के रुप मे पहचान किया।

इसके पश्चात मृतक के भतीजे केशव हरिजन के व्दारा इस संबंध मे डाबुगांथाने को सूचित किया गया। सूचना के आधार पर डाबुगां थाने के सहायक उप निरीक्षक विजय कुमार साहू एवं अन्य आरक्षकों ने मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर तथा डाबुगां के सामुदायिक चिकित्सालय में पोस्ट मार्टम कराकर उसके परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस ने इस संबंध में मर्ग क्रमांक -13/23 कायम कर मामले की विवेचना कर रही है।

# मुख्यमंत्री ने भगवान झूलेलाल की शोभा यात्रा का पुष्प वर्षा कर किया स्वागत

- **मुख्यमंत्री की घोषणाः सिंधी पंचायत को सामाजिक कार्य के लिए नवा रायपुर में दी जाएगी जमीन**

रायपुर, 25 मार्च । मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल आज रात्रि राजधानी के जयस्तंभ चौक में सिंधी समाज द्वारा आयोजित चेट्रीचण्ड्र कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने इस मौके पर सिंधी समाज द्वारा भगवान श्री झुलेलाल की निकाली गई शोभा यात्रा को पुष्प वर्षा कर स्वागत किया और प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि तथा खुशहाली के लिए कामना की। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर सिंधी पंचायत को सामाजिक कार्य के लिए नवा रायपुर अटल नगर में जमीन प्रदाय करने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने इस अवसर पर सम्बोधित करते हुए कहा कि संत झूलेलाल को वरूण देव का अवतार कहा जाता है। वरूण देव जल के देवता हैं, जल के बिना जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। इस तरह भगवान झूलेलाल सम्पूर्ण जीवन के आधार हैं। उन्होंने बताया कि सिंधी समाज व्यापारियों और व्यवसायियों का समाज है। निश्चित रूप से शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज को भी मिला है। प्रदेश के व्यापार-व्यवसाय में प्रगति हुई है और समाज के जीवन में भी रौनक आई है। इसके फलस्वरूप आज चेट्रीचण्ड्र महोत्सव में एक अलग ही उत्साह नजर आ रहा है, जो प्रशंसनीय है।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि हमने प्रदेश के नगर निगम और नगर पालिका क्षेत्रों में चेट्रीचण्ड्र महोत्सव के दिन सामान्य अवकाश की घोषणा की है। इसकी मांग सिंधी समाज द्वारा लंबे अरसे से की जा रही थी। जिसमें उनकी भावनाओं का सम्मान करते हुए यह घोषणा की गई। इस अवसर पर समाज की ओर से भी मुख्यमंत्री श्री बघेल को प्रतीक चिन्ह भेंटकर उनका सम्मान किया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष श्री कुलदीप जुनेजा, विधायक श्री बृजमोहन अग्रवाल, रायपुर नगर निगम के महापौर श्री एजाज ढेबर, छत्तीसगढ़ सिंधी अकादमी के अध्यक्ष श्री रामगिडलानी, श्री अमर गिदवानी, श्री श्रीचंद सुन्दरानी, श्री आनंद कुकरेजा, श्री अजीत कुकरेजा सहित बड़ी संख्या में सिंधी समाज के लोग उपस्थित थे।

# पोषण पखवाड़ाः छत्तीसगढ़ मना रहा मिलेट्स त्यौहार

रायपुर, 25 मार्च । बच्चों तथा महिलाओं के पोषण एवं स्वास्थ्य देखभाल संबंधी जागरूकता और आदतों में सुधार लाने के लिए प्रदेश में 20 मार्च से पोषण पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित पोषण पखवाड़ा 03 अप्रैल तक चलेगा। वर्ष 2023 को संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा इंटरनेशनल मिलेट वर्ष घोषित किया गया है। इसे ध्यान में रखते हुए इस साल पोषण पखवाड़ा को छत्तीसगढ़ में मिलेट्स त्यौहार के रूप में मनाया जा रहा है। इस दौरान लोगों को पोषण के पावर हाउस मतलब मिलेट्स के फायदों के बारे में जानकारी देकर उन्हें इस पारम्परिक पौष्टिक अन्न को दैनिक आहार में शामिल करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। इसके लिए विशेष थीम के अनुसार कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

गौरतलब है कि मिलेट्स (मोटे अनाज) जैसे कोदो, कुटकी, रागी एक पौष्टिक खाद्य विकल्प हैं जो दैनिक पोषण आवश्यकताओं को पूरा करने में मदद कर सकते हैं। यह शिशुवती महिलाओं के लिए भी बेहद फायदेमंद होते है। इनमें कैल्शियम, आयरन, प्रोटीन, मिनरल्स जैसे पोषक तत्व प्रचुरता से होते हैं। इसे देखते हुए पोषण कल्याण के लिए श्री अन्न अर्थात् मिलेट्स का प्रचार-प्रसार कर उसकी लोकप्रियता बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। इसके अलावा स्वस्थ बालक-बालिका स्पर्धा के अंतर्गत छह वर्ष तक के बच्चों का वजन, लंबाई एवं ऊंचाई मापन कर बच्चों में पोषण स्थिति की जानकारी भी ली जा रही हैं। सक्षम आंगनबाड़ी के प्रति जनसमुदाय को जागरूक करने के प्रयास भी किए जा रहे हैं। पोषण पखवाड़े के प्रत्येक दिन के लिए कलेण्डर अनुसार गतिविधियां निर्धारित की गई है। इसके अनुसार प्रतिदिन अलग-अलग गतिविधियों के माध्यम से व्यक्तिगत और सामुदायिक स्तर पर पोषण सम्बन्धित व्यवहार परिवर्तन का प्रयास किया जा रहा है। इन समस्त गतिविधियों को पोषण ट्रैकर ऐप में प्रतिदिन इन्द्राज भी किया जा रहा है।पोषण जागरूकता के लिए प्रदेशभर में जागरूकता रथ, बाइक रैली निकाली जा रही हैं। प्रमुख पंचायतों एवं हाट-बाजारों में महिलाओं एवं बच्चों के पोषण, स्वास्थ्य एवं देखभाल संबंधी उचित आदतों के विकास एवं सुधार के संबन्ध में वीडियो क्लिप का प्रदर्शन करते हुए लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

## नीरव और ललित मोदी को भगाने का काम मोदी सरकार ने किया-मोहन मरकाम

रायपुर, 25 मार्च। पीसीसी चीफ मोहन मरकाम ने भाजपा पर जमकर निशाना साधा है. मरकाम ने कहा, सत्य परेशान हो सकता है पर पराजित नहीं हो सकता. हम सत्य के साथ में हैं. राहुल गांधी के साथ खड़े हैं, करोड़ों भारतीयों की आवाज राहुल गांधी उठाते हैं।

मोदी सरकार आवाज को दबाने और डराने का प्रयास कर रही है. 2019 लोकसभा चुनाव में नीरव मोदी ललित मोदी, मेहुल चौकसी, मोदी सरनेम वाले देश से भाग रहे हैं, इस देश की गाढ़ी कमाई का पैसा लेकर भाग रहे हैं. राहुल गांधी ने गलत क्या कहा है?

हम गांधी जी के अनुयाई हैं, गांधी जी हमेशा सत्य के साथ चले हैं. कांग्रेस जन भी सत्य के साथ चले हैं, मोदी सरकार से डरने वाले नहीं हैं. राहुल गांधी ने सत्य कहा है, नीरव मोदी ललित मोदी को भगाने का काम मोदी सरकार ने किया है. कोर्ट के डिसीजन का हम सम्मान करते हैं. ऊपर कोर्ट भी है. हम हाईकोर्ट-सुप्रीम कोर्ट तक जाएंगे. सत्य की जीत होगी सत्य के साथ में कोर्ट का निर्णय आएगा. बता दें कि, सूरत कोर्ट के फैसले के बाद इधर छत्तीसगढ़ में कांग्रेस ने सत्याग्रह शुरू कर दिया है. पीसीसी चीफ मोहन मरकाम के नेतृत्व में तमाम कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी के समर्थन में जमकर नारे लगाए.

## नियमितीकरण को लेकर पंचायत सचिवों में नाराजगी, 72 गांव के पंचायत सचिव अनिश्चितकालीन हड़ताल पर, सरकारी कामकाज ठप

रायपुर, 25 मार्च । प्रदेश सरकार द्वारा चुनावी घोषणा पत्र को अमल में नहीं लाए जाने से पंचायत सचिवों में नाराजगी है. जिसको लेकर 16 मार्च से फिंगेश्वर ब्लाक मुख्यालय के 72 ग्राम पंचायतों के सचिव अनिश्चित कालीन हड़ताल पर हैं।

पंचायत सचिवों के अनिश्चित कालीन आंदोलन में होने से मुख्यालय के पंचायतों में ताला लटक गया है. ताला लटकने से सरकार की महत्वाकांक्षी योजना गोबर खरीदी ठप होने के साथ ही केंद्र सरकार की रोजगार गारंटी योजना के तहत मजदूरों का काम भी बंद है. केंद्र व प्रदेश सरकार की योजना ग्रामीण क्षेत्रों में ठप होने से ग्रामीणों को रोजी रोटी के लिए काफी मशक्कतों का सामना करना पड़ रहा है.

जानकारी के अनुसार, पंचायत सचिवों के हड़ताल में चले जाने से शासन के महत्वकांक्षी योजना गोबर खरीदी, रीपा कार्य, गौठान के समस्त कार्य, मनरेगा के कार्य, जन्म-मृत्यु पंजीयन, राशनकार्ड, प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण, सामाजिक सहायता कार्यक्रम अन्तरर्गत वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, सुखद सहारा पेंशन, मुख्यमंत्री पेंशन, राष्ट्रीय परिवार सहायता, श्रद्धांजलि योजना, पेयजल व्यस्था, शौचालय निर्माण, वन अधिकार पट्टा वितरण, स्वामित्व योजना सर्वेक्षण, ग्राम सभा, बजट निर्माण, समस्त निर्माण कार्य एवं वित्तीय वर्ष के अंतिम माह होने से लेखा जोखा के कार्य पूर्ण रूप से प्रभावित हो रहा है.

## एसएनसीयू की क्षमता 40 बेड करने भेजा जाएगा प्रस्ताव, नवजात शिशु के स्वास्थ्य पर रहेगा विशेष फोकस

- **स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक में लिया गया निर्णय, कलेक्टर श्री पुष्पेंद्र कुमार मीणा की अध्यक्षता में हुई बैठक**

दुर्ग 25 मार्च । जिला अस्पताल में नवजात शिशुओं के लिए एसएनसीयू आरंभ किया गया है। अभी इसकी क्षमता 18 बेड की है। नवजात शिशुओं के स्वास्थ्य पर विशेष फोकस करने के लिए इसकी क्षमता 40 बेड तक की जाएगी। इसके लिए शासन के समक्ष प्रस्ताव भेजा जाएगा। यह निर्णय कलेक्टर श्री पुष्पेंद्र कुमार मीणा की अध्यक्षता में हुई बैठक में लिया गया। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि एनआरसी के माध्यम से कुपोषित बच्चों का ध्यान रखना बहुत जरूरी है। इसके साथ यह भी जरूरी है कि एनआरसी में मिले सुपोषण को बच्चा कायम रख सके। इसके लिए माँ को वहीं पर प्रशिक्षित करना भी जरूरी है। पंद्रह दिनों के दौरान जब माँ बच्चे के साथ एनआरसी में रहती है तो वहां पर पोषित भोजन एवं इसे बनाने के तरीके बताएं जाएं, साथ ही इन्हें खिलाने का नियमित समय भी बच्चों को बताया जाए। कलेक्टर ने कहा कि स्वास्थ्य सुविधाएं प्रशासन के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता हैं और इसके लिए हर संभव संसाधन लगाए जाएंगे। बैठक में सीएमएचओ डा. जेपी मेश्राम एवं अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

टीकाकरण हो

शतप्रतिशत- कलेक्टर ने कहा कि टीकाकरण ऐसा क्षेत्र है जिस पर सबसे अधिक फोकस होना चाहिए। शतप्रतिशत टीकाकरण का लक्ष्य लेकर कार्य करें। जिन सेक्टर्स में यह लक्ष्य प्राप्त कर लिया गया है उनके सिटी प्रोजेक्ट मैनेजर की कलेक्टर ने प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि नियमित रूप से इस बात की मानिटरिंग होती रहे कि टीके समय पर लग रहे हैं या नहीं। एएनसी पर विशेष फोकस करें- कलेक्टर ने एएनसी के आंकड़ों पर भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि मितानिनों के माध्यम से एएनसी के लक्ष्य का शतप्रतिशत कवरेज प्राप्त करें। एएनसी पर जितना अच्छा फोकस होगा, उतना ही आईएमआर एवं एमएमआर के आंकड़ों को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। नियमित इंटरवेल पर एएनसी होती रहे। इसमें गर्भवती माता के लिए जो जरूरी उपाय हैं वो सुनिश्चित किए जाएं ताकि संस्थागत प्रसव बेहतर तरीके से हो पाए।

नर्सिंग होम एक्ट का प्रभावी पालन कराते रहें, समय पर जानकारी नहीं देने वालों पर कार्रवाई करें- कलेक्टर ने बैठक में कहा कि जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं की प्रभावी व्यवस्था बनाये रखने के लिए नर्सिंग होम एक्ट के प्रभावी क्रियान्वयन की मानिटरिंग लगातार जरूरी हैं ताकि स्वास्थ्य विभाग के पास सारी जानकारी संकलित रह पाएं। नर्सिंग होम एक्ट के अंतर्गत कुछ जानकारियां नियमित रूप से देनी आवश्यक होती हैं।

## 30 जून तक जिला दुर्ग जल अभाव क्षेत्र घोषित किया गया

दुर्ग, 25 मार्च । जिला दुर्ग में गर्मी के मौसम पर पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा द्वारा दुर्ग जिले को 30 जून तक जल अभाव क्षेत्र घोषित किया गया है। तय तिथि 30 जून तक सक्षम अधिकारी के पूर्व अनुमति के बिना कोई नया नलकूप पेयजल अथवा पेयजल के अलावा किसी अन्य प्रयोजन के लिए खनन नहीं किया जा सकेगा, लेकिन शासकीय/अर्ध शासकीय/नगरी निकायों को पेयजल हेतु अपने क्षेत्राधिकार सीमा के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र में नलकूप खनन हेतु अनुमति की आवश्यकता नहीं होगी, परंतु निर्धारित नियमों का पालन भी उनके द्वारा सुनिश्चित किया जाएगा।

संबंधित क्षेत्र में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी/नगरी निकाय/तहसील से रिपोर्ट प्राप्त कर अनुमति प्रदान करने के लिए प्राधिकृत अधिकारी की भी नियुक्ति की गई है। दुर्ग संपूर्ण नगर निगम सीमा के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र के लिए अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी दुर्ग को प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार राजस्व अनुविभाग दुर्ग ग्रामीण क्षेत्र के तहत आने वाले क्षेत्र के लिए अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) दुर्ग को प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार राजस्व अनुविभाग छावनी भिलाई थाना क्षेत्रांतर्गत आने वाले क्षेत्र के लिए अनुविभागीय दंडाधिकारी छावनी भिलाई को नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार राजस्व अनुविभाग धमधा के तहत आने वाले क्षेत्र के लिए अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) धमधा को नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार राजस्व अनुविभाग पाटन के तहत आने वाले क्षेत्र के लिए अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) पाटन को नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार राजस्व अनुविभाग भिलाई 3 के तहत आने वाले क्षेत्र के लिए अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) भिलाई 3 को नियुक्त किया गया है।

## राज्य ताइक्वांडो टीम में 22 खिलाड़ी शामिल, नेशनल स्पर्धा में कटक में दिखाएंगे प्रतिभा

कोरबा 25 मार्च । खेल एवं युवा कल्याण मंत्रालय भारत सरकार और ताइक्वांडो फेडरेशन आफ इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में उड़ीसा के कटक में आयोजित 36वीं जूनियर राष्ट्रीय ताइक्वांडो स्पर्धा में शहर के 22 खिलाड़ी अपनी प्रतिभा दिखाएंगे। खिलाड़ियों ने राज्य ताइक्वांडो टीम में स्थान बनाया है।

स्पर्धा 25 से 27 मार्च तक जेएम इनडोर स्टेडियम कटक में आयोजित है। राज्य से 35 सदस्य टीम स्पर्धा में भाग लेने के लिए गुरुवार को कटक रवाना हो गई। छत्तीसगढ़ ताइक्वांडो संघ और जिला ताइक्वांडो एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में 18 वीं राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन कोरबा में किया गया था। जिसमें सब जूनियर वर्ग में सबसे अधिक कोरबा के खिलाड़ियों ने स्वर्ण पदक हासिल कर राज्य स्तरीय टीम में अपना स्थान बनाया। टीम में बालक वर्ग में श्रीहान चंद्रा, सक्षम नेताम, वेदांत कश्यप, वंश खरे एएआर कार्तिकेयन,हिमांक डागा, लक्ष्य पटेल एश्रेष्ठ झा,अधिकार द्विवेदी, जय सोनकर शामिल हैं। बालिका वर्ग में जीविशा जैन, आप्रज्ञा अंसारी, दशा चौधरी, अनिका द्विवेदी, अन्वेषा धुर्ग, प्रियांशी वर्मा, आंचल कोहली एस्तुति भूरे, पूर्वी कवर, आरना अग्रवाल, आरिका अग्रवाल, प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे।

## तनेरा के ग्रामीणों को नहीं मिल रहा सोसायटी से नियमित राशन

कोरबा 25 मार्च । पोड़ी-उपरोड़ा ब्लॉक के ग्राम पंचायत तनेरा के अधिकांश ग्रामीणों को यहां के उचित मूल्य की दुकान से राशन नहीं मिल रहा है। इन हितग्राहियों ने रजिस्टर पर अंगूठा लगाना भी बताया। राशन वितरण में गड़बड़ी की आशंका जाहिर करते हुए जांच के बाद कार्रवाई की मांग की है। राशन कार्डधारी परिवारों को राज्य शासन उचित दर पर सोसायटी के माध्यम से चावल समेत अन्य राशन सामान उपलब्ध कराती है। तनेरा की रामवती, शिवकुंवर, लक्ष्मनिया बाई व पार्वती ने बताया कि हर महीने उनसे रजिस्टर पर अंगूठा लगवाया जाता है। मगर राशन नहीं दिया जा रहा है। इससे राशन वितरण में गड़बड़ी की पूरी आशंका है। ग्राम पंचायत के सरपंच व सचिव पर बंदरबाट का भी आरोप लगाया। इस पर सरपंच अशोक सिंह मरपच्ची का कहना है कि दो-तीन महीने से सोसायटी को 40 से 50 क्विंटल कम राशन का भंडारण किया जा रहा है। इससे अधिकांश हितग्राहियों को समय पर राशन उपलब्ध कराने में परेशानी आ रही है।